वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 267 | बुधवार 24 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### सांगानेर में जनसुनवाई कार्यालय की शुरूआत, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

# जनता के भरोसे पर खरा उतरना हमारा पहला काम: भजनलाल शर्मा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के एसएफएस मानसरोवर स्थित राजस्थान आवासन मण्डल कार्यालय में मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर परिसर का अवलोकन किया। शर्मा ने कार्यालय परिसर में पारिजात का पौधा लगाकर आमजन को भी हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने आमजन के जन अभाव अभियोग सुने तथा अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार की शुरूआत सांगानेर से करने की खुशी है। यह जनसुनवाई केन्द्र सांगानेर ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान के आमजन के लिए है। यहां सक्षम अधिकारी बैठेंगे तथा शिकायतों का मौके पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने



कहा कि हमारा प्रयास है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। निष्पक्ष सेवाभाव तथा अंत्योदय प्रण से ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास की राह सुदृढ़ होगी। जनता के भरोसे पर खरा उतरना हमारा प्रथम कार्य है। इसी क्रम में संकल्प पत्र में किए गए वादों को समय से पहले धरातल पर उतारना राज्य सरकार का लक्ष्य है। समारोह में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने कहा-उप मुख्यमंत्री की शपथ असंवैधानिक नहीं

राजस्थान हाईकोर्ट ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा की शपथ को असंवैधानिक बताते हुए उनकी नियुक्ति को रद्द करने वाली जनहित याचिका को तर्कहीन मानते हुए खारिज कर दिया हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मंगलवार को सुनवाई के बाद याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने कहा कि आजकल जनहित याचिकाओं का बहुत दुरुपयोग हो रहा है। यह मामला भी इसी श्रेणी में आता है। याचिकाकर्ता प्रैक्टिसिंग एडवोकेट भी हैं, लेकिन उन्होंने फिर भी बिना स्टडी किए इस तरह की जनहित याचिका कोर्ट मे पेश की। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पैरवी करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राज दीपक रस्तोगी ने कहा कि दोनों उप मुख्यमंत्री ने संविधान में शपथ को लेकर निर्धारित प्रपत्र के आधार पर ही शपथ ली है।

# जेएसजी अनन्ता ने मनाया श्रीराम उत्सव

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर जैन सोशल ग्रुप अनंता ने ''श्रीराम उत्सव'' सुखाड़िया सर्कल पर धूमधाम से मनाया। संस्थापक अध्यक्ष मोहन बोहरा ने बताया कि 101 दीपकों की महाआरती की गई। अध्यक्ष डॉ. शिल्पा नाहर ने मेवाड़ रीजन के इलेक्ट चेयरमेन अरुण मांडोत, सचिव महेश पोरवाल, वाइस चेयरमेन पारस ढेलावत, आशुतोष सिसोदिया, हिमांशु मेहता एवम सी.एस. बोलिया का स्वागत किया। इस दौरान दीपावली पर्व की तरह सज धज कर पहुंचे सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई भी दी और मुंह भी मीठा कराया। इस दौरान सचिव राजेश सिसोदिया, विनोद सविता पगारिया, अरुण सविता कटारिया, राजकुमार वंदना बाबेल, प्रदीप बाबेल, राकेश भानावत, ललित कच्छारा, अरुण खमेसरा, शशिकांत जैन सहित करीब 100 सदस्य उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।











# स्वर्गीय पाटनी की स्मृति में स्वास्थ्य केंद्र में संसाधन उपलब्ध करवाया



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

विधानसभा क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम ईयारा में स्वर्गीय राजमल जी पाटनी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र प्रकाशचंद एवं सुपौत्र आदित्य पाटनी अतिवीर फाउंडेशन मुंबई कोलकाता के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बेहतर संचालन हेतु संसाधन पूर्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद सदस्य  सोहन लोमरोड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र में हाइड्रोलिक बैंड,व्हीलचर, स्ट्रक्चर, इलेक्ट्रॉनिक गीजर भेंट किया गया।समिति सचिव विनीत कुमार बगड़ा ने कार्यक्रम को रेखांकित करते हुए बताया कि स्वर्गीय पाटनी की जन्मस्थली रही गांव ईयारा के विकास के लिए और भी उल्लेखनीय कार्य निकट भविष्य में किए जाएंगे व अतिवीर फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में एक ओटी टेबल प्रदान करने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेविका श्रीमती मीनू देवी बगड़ा,मंजू देवी बाकलीवाल,समिति अध्यक्ष उषा देवी बगड़ा उपस्थित थे।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश  कस्वा,मुकरनाराम पूर्व सरपंच कल्याणसर,ब्लॉक मेंबर भंवर सिंह,चेन्नाराम लोमरोड, गरिमा , अनिता ,पूनम  सहित काफी संख्या गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र  कंपाउंडर ने किया।


# बच्चों को दें सुसंस्कारः गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) की पावन धरा पर विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि - आज की आधुनिक अंधादौड में बच्चे संस्कार व संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। उनमें धर्म का अंश कही भी दिखाई नहीं देता। पुराने समय में बच्चा यदि रोता था तो माता - पिता उन्हें णमोकार सुनाते थे और बच्चा रोये नहीं इसलिए मां - बाप उन्हें मोबाइल पकडा देते हैं। माताजी ने अपने बचपन के उदाहरण के माध्यम से समझाया पहले हम मंदिर नहीं जाते थे तो मां देवदर्शन के बिना खाना नहीं देती थी और आज बच्चे बिना मंदिर जाये तो क्या बिना नहाये खाना - पीना करने लगे हैं। बच्चों को लौकिक शिक्षा तो आप विदेशों की दिलवा ही रहे हैं साथ में संस्कार भी विदेशों के ही दे रहे हैं। बच्चों को हम जैसे संस्कार देंगे वैसे ही वो ग्रहण करेंगे। लेकिन उसके पहले जरुरत है हमें सबसे पहले स्वयं को बदलना पडेगा जैसे हम संस्कारित रहेंगे वैसे ही बच्चों पर प्रभाव पड़ेगा। अतः हम बच्चों के सामने लडे - झगड़े नहीं , नित्य देवदर्शन व श्रावकों के नियमों का पालन करें। मोबाइल से दूर रखें  तथा उन्हें धर्म का महत्व बताये जिससे वे धर्म की रक्षा करना भी अपना कर्तव्य समझे। शिक्षा तो वे कही से भी प्राप्त कर लेंगे पर संस्कार उन्हें माता - पिता, गुरू, परिवारजनों से ही मिलेंगे । इसलिए इन सभी बात पर पुनः विचार कर इसके सुधार का प्रयास करें। अनिल बनेठा , सुनील  मालपुरा एवं सुयोग अमरावती वालों ने सालगिरह के उपलक्ष्य में गुरु माँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।







## वेद ज्ञान

# अनुभव से पैदा होती है समझ

जिंदगी की वास्तविक समझ अनुभव से पैदा होती है। हम अपनी क्षमताओं का समुचित आकलन और नियोजन अनुभव करके ही कर सकते हैं। अनुभव किए बगैर न तो हम अपनी जिंदगी जी सकते हैं और न ही अपने अंदर समाई दिव्य क्षमताओं का परिचय पा सकते हैं। इस सबको जानने, समझने और सही नियोजन करने के लिए हमें उसी रूप में उन्हें महसूस करना चाहिए। हम आखिर हैं कौन और हमारे अंदर क्या है, जो बाहर फूटकर आना चाहता है? क्षमताएं अंदर सुप्त रूप में पड़ी रहती हैं। इन्हें तभी जाग्रत कर निर्दिष्ट कार्य में नियोजित किया जा सकता है, जब हम इन्हें गहराई से महसूस करेंगे। इन्हें हम जितना महसूस करेंगे, उनकी पहचान उतनी ही अधिक होगी। क्षमताओं को महसूस करना बौद्धिक व्याख्या नहीं है और कोई तर्क भी नहीं है कि यह ऐसा होगा या नहीं होगा। इनके बारे में तभी सार्थक रूप से बताया जा सकता है, जब इनकी बारीकियों को हम महसूस करेंगे। जीवन में असीम क्षमताएं समाई हुई हैं, परंतु ये सोई पड़ी हैं। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जो इन दिव्य विभूतियों से वंचित होगा। सभी में ऐसी महान विभूतियां समाई हुई हैं कि उनके एक अंश उभरकर सामने आने पर मनुष्य कहां से कहां पहुंच सकता है। जीवन की राहें कंटीले कांटों से अटी पड़ी हैं और इन कांटों को भेदकर गुलाब का सुखद स्पर्श किया जा सकता है। क्षमता को सतत प्रक्रिया से उभारा जा सकता है। निरंतर प्रयास से क्षमता निखरती है, परंतु इससे ठीक विपरीत रुक जाने से यह छिप जाती है, ढक जाती है। क्षमता राख की परतों में ढकी हुई होती है, जो इसे महसूस करता है, उसे अंगारों के समान धधका देता है। क्षमता की सही समझ और परिस्थितियों के सही नियोजन से विकास की ऐसी अविरल धारा फूट पड़ती है, जिसे हम 'प्रतिभा ' कहते हैं। प्रतिभा कुछ नहीं है, बल्कि हमारी क्षमताओं और परिस्थितियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर श्रेष्ठ और नया करने के लिए सतत अवसर तलाशने और उसे कर गुजरने के हौसले का नाम है। हम अपनी क्षमताओं को जितना अनुभव करेंगे, हमारी प्रतिभा उतनी ही विकसित होगी।

## संपादकीय

# जन्मस्थान पर विराजमान हुए प्रभु श्रीराम

अयोध्या में राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में हो गई। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद भी समाप्त हो गया। राम भारतीय आस्था के प्रतीक हैं। पौराणिक प्रमाणों के अनुसार उनका जन्मस्थान उसी जगह को माना जाता है, जहां अभी भव्य मंदिर बना है। इसी जगह को लेकर करीब पांच सौ वर्षों से विवाद था। भाजपा की प्रमुख प्रतिज्ञाओं में से एक यह भी थी कि वह राम मंदिर का निर्माण राम के मूल जन्म स्थान पर ही कराएगी।



इस तरह भाजपा की प्रतिज्ञा भी पूरी हो गई। विवाद इस बात को लेकर था कि राम मंदिर को ध्वस्त कर आक्रांता शासकों ने वहां मस्जिद खड़ी कर दी थी। उस जगह पर मालिकाना हक पाने के लिए संत समाज संघर्ष कर रहा था। अंग्रेजी हुकूमत ने इसका निपटारा दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग पूजा करने की इजाजत देकर किया था। मगर संत समाज उससे संतुष्ट नहीं था। आजादी के बाद उस जगह को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया गया। कई मौकों पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर कोई व्यावहारिक हल नहीं निकल सका। फिर इसके लिए भाजपा ने देशव्यापी आंदोलन चलाया और कारसेवकों के दल ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। तब अनवरत सुनवाइयों, गवाहियों के बाद आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि विवादित जगह मूल रूप से राम जन्मस्थान है और उस पर संत समाज का हक है। इस मंदिर को बनने में इसलिए इतना वक्त लग गया कि संवैधानिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किसी एक आस्था के पक्ष में एकतरफा फैसला करना किसी भी सरकार के लिए मुश्किल जान पड़ता था। हालांकि उसमें राजनीतिक नजरिया भी शामिल था। जबकि आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने तर्क दिया कि राम जन्मभूमि भारतीय आस्था से जुड़ा मामला है, इसलिए विवादित जगह पर उसे स्वामित्व दिया जाना चाहिए। दूसरे पक्ष के लिए अलग से जगह प्रदान की जानी और उस पर उनकी इच्छा के अनुरूप पूजा स्थल का निर्माण कराया जाना चाहिए। वह फैसला दोनों पक्षों ने मंजूर किया। अगर इस मामले को राजनीतिक रंग न दिया गया होता, तो शायद यह इतना लंबा न खिंचता। जब राममंदिर आंदोलन शुरू हुआ तो अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर तरह-तरह से भय भरने और उसे उकसाने का भी प्रयास किया जाता रहा। मगर अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने और उसके बाद राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। किसी प्रकार का उन्माद का वातावरण नहीं बना। राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले और उसके बाद भी प्रधानमंत्री ने संकल्प दोहराया कि वे राम के आदर्शों पर चलते हुए सुशासन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चय ही यह संकल्प उम्मीदें जगाता है। भारत जैसे धर्मबहुल और विविध संस्कृतियों वाले देश में सुशासन की नीव सद्भावना पर ही टिकती है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सबक क्यों नहीं लेते?

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उस तरह के हालात और कारणों से बचने के हर उपाय किए जाएं, ताकि वैसा दुबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि नदियों में यात्रियों सहित नाव डूबने की बार-बार घटनाओं और उसके कारणों के साफ होने के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं। गुजरात के वडोदरा में एक झील में नाव पलट जाने से बारह बच्चों और दो शिक्षकों की डूबने से मौत की घटना ने एक बार फिर यही दर्शाया है कि लापरवाही कायम है और निर्दोष लोगों की जान जा रही है। वडोदरा के हरणी झील में एक स्कूल के छात्र अपने कुछ शिक्षकों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। जाहिर है, यह सैर-सपाटा और अच्छा वक्त बिताने के लिए आपस में खुशी बांटने का मौका था। मगर इस क्रम में कई स्तर पर जितनी बड़ी लापरवाही बरती गई, उसमें खुशी मनाने का वह मौका एक मातम में बदल गया। गहरे पानी में नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई, जिसमें बारह विद्यार्थी और दो शिक्षक डूब गए। जबकि किसी तरह अठारह छात्रों और दो शिक्षकों को बचा लिया गया। सवाल है कि जिस नाव की कुल क्षमता महज सोलह लोगों की थी, उस पर करीब दोगुनी संख्या में लोगों को बिठा कर गहरे पानी में ले जाने की छूट किस आधार पर मिली हुई थी और इसकी अनदेखी कर ऐसा करने की इजाजत किसने दी थी! जबकि अगर नियम-कायदे के मुताबिक नाव झील में जा रही हो, तब भी हादसे का जोखिम लगातार बना रहता है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नाव में सवार कुल दस बच्चों को ही जीवनरक्षक जैकेट पहनाए गए थे। यह किस आधार पर मान लिया गया कि बाकी को इसकी जरूरत नहीं थी? ऐसी घटनाओं के बाद रस्मअदायगी में उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई आदि की घोषणा की जाती है, वह वडोदरा में हुए हादसे के बाद भी हुई। नाव संचालन से जुड़े एक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल अठारह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मगर अफसोस कि चौदह लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन की ओर से दर्शाई जा रही इस सक्रियता का आधा हिस्सा भी अगर अमल में रहता तो यह हादसा ही न होता। इस तरह का यह कोई पहला हादसा नहीं है। विडंबना है कि किसी भी स्तर पर जोखिम का ध्यान रखना और उसी मुताबिक बचाव के इंतजाम करने को कोई दोयम दर्जे का काम माना जाता है। खबरों के मुताबिक, वडोदरा की झील में हुए हादसे के वक्त स्थानीय लोगों ने कई बच्चों को बचाया। नावों के संचालन को इजाजत देने वाले संबंधित महकमे और उसके अधिकारियों को यह सुनिश्चित कराना जरूरी क्यों नहीं लगा कि नाव पर सवार हर व्यक्ति को जीवनरक्षक जैकेट पहनाया जाए और हर हाल में नाव के साथ-साथ आसपास पर्याप्त संख्या में गोताखोर, बचावकर्मी मौजूद हों, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचा सकें। दरअसल, नाव के डूबने के जो भी कारण सामने आए हैं, उससे साफ है कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है। इसमें न केवल नाव के संचालन से जुड़े लोग, बल्कि उसमें सवार होने वाली संख्या, सुरक्षा उपकरणों के अभाव, बचावकर्मियों की गैरमौजूदगी और जोखिम की आशंका जैसी स्थितियों की जानबूझ कर अनदेखी करने वाले वे अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं, जिनका दायित्व होता है कि नियमों पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित हो।

# केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता



**भरतपुर. शाबाश इंडिया।** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत, चंद्रयान ,एक्जाम वॉरियर्स मंत्र आदि विषय को लेकर आज भरतपुर के केंद्रीय विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय एवं17 अन्य विद्यालयों के 71 विद्यार्थियों ने भाग लेकर ड्राइंग शीट पर चित्र उकरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।प्रतियोगिता प्रभारी नवीन शर्मा की देखरेख में आयोजित हुई प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई अद्भुत कलाकृति ने सभी का मन मोह लिया ।प्रतियोगिता के निर्णायक भूपेंद्र सिंह, आरसी मीणा, डीडी शर्मा ने बेहतरीन पेंटिंग बनाने वाले पांच विद्यार्थियों का चयन किया ।इस मौके पर प्रभारी अतुल व्यास ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# लक्ष्मणगढ़ कस्बा हुआ राममय

## रामायण पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ एवं आतिशबाजी कर बांटी खुशियां



**लक्ष्मणगढ़ , सीकर. शाबाश इंडिया।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर लक्ष्मणगढ़ कस्बा पूर्णतः राममय नजर आया। प्रात सूर्योदय के साथ ही लोगो में नव ऊर्जा का संचार हुआ। कस्बे के सभी मंदिरों में रामायण पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ एवं राम नाम के जाप किए गए।लोगो ने घरों, दुकानों, मंदिरों, कार्यालयों में दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। प्रातः शिव धाम से भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रघुनाथ जी (बड़ा मंदिर) पहुंची। इसी क्रम में कस्बे के तोदी कॉलेज रोड़ स्थित जोहड़े वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए पिंटू सुरेका व मोतीलाल जोशी ने बताया कि अयोध्या में होने वाले राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिषर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।इससे पूर्व मंदिर परिषर में भव्य रोशनी के साथ सजावट की गई। इस अवसर पर उपासना सुरेका, पायल सुरेका, ताराचंद चेजारा, कृषिका सैनी, मोनिका सैनी, साधना सैनी के द्वारा रंगोली के माध्यम से मंदिर परिशर को भव्य रूप से सजाते हुए भगवान राम व रामभक्त हनुमान की प्रतिमा तैयार की। कार्यक्रम का समापन अखण्ड रामायण पाठ के समापन के साथ प्रसाद वितरित कर व शाम को द्वीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव एवं रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ किया गया।







# अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में हुए अनेक कार्यक्रम





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्रमण संस्कृति संस्थान की शाखा श्री सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय महिला महासमिति की अधिष्ठात्री महोदया श्रीमती शीलाजी डोडिया एवं छात्रावास की अध्यापिकाएं श्रीमती ज्ञानू जैन, श्रीमती रेखा जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती अंतिमा जैन के तत्वावधान में छात्रावास की बालिकाओं के द्वारा बहुत सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया एवं द्वार पर अति सुंदर रंगोली बनाई गई। शाम के समय में बच्चों के द्वारा स्वास्तिक के आकार में दीपक लेकर बहुत ही सुंदर तरीके से पिक्चर्स क्लिक की गई। दीपकों द्वारा आरती की गई, भजन गाए गए एवं अन्य कार्यक्रम हुए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या पांच जैन तीर्थंकरों की जन्म भूमि भी है।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित



**नौगामा. शाबाश इंडिया**

अयोध्या नगर में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आज नोगामा नगर के जैन समाज के नवयुवक मंडल द्वारा उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को अल्प आहार करवाया ।इस अवसर पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि संपूर्ण नगर में उत्साह का माहौल है। पूरे नगर को भगवाध्वजों से सजाया गया है, घरों के बाहर दीप प्रज्वलन किए, आंगन में रंगोलिया बनाई गई, मंदिरों को विद्युत की झालरो से सज्जित किया गया है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज नौगामा के जैन पाठशाला एवं एस एन जी विद्यालय के छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जैन समाज नवयुवक मंडल के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा इस विशाल कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए लगभग 2000 धर्म प्रेमी बंधुओ को अल्पाहार करवाया गया। इस अवसर पर पाटीदार समाज के युवा कार्यकर्ता सुधीर पाटीदार द्वारा सभी युवाओं का सादर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में नवयुवक मंडल की ओर से नरेश जैन, नितेश जैन, विमल पंचोली, कमल पंचोरी, मनीष गांधी, विनोद दोसी, अंकेश पंचोरी हंसमुख गांधी, अमित नानावटी राकेश पंचोरी, मीठालाल जैन, राकेश गांधी, पुष्पेंद्र भारत पंचोरी, भारत नानावटी विनोद दोसी अमित गांधी, दीपक पंचोली, आशीष जैन, कमल पंचोली अनूप गांधी, कल्पित अंकेश पंचोली ने अपना सहयोग प्रदान किया। उक्त जानकारी जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी द्वारा दी गई।




# राष्ट्रीय कला उत्सव 2023-24 में शास्त्रीय गायन में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान

## परीक्षा पर चर्चा 2024 कार्यक्रम में आमंत्रित होने पर किया सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटी चोपड जयपुर की छात्रा निलाशी शर्मा ने राष्ट्रीय कला उत्सव 2023-24 में शास्त्रीय गायन में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के फलस्वरूप शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली परीक्षा पर चर्चा 2024 कार्यक्रम में भी राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा को आमंत्रित किया गया है। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आज स्थानीय विद्यालय प्रांगण में छात्रा का सम्मान किया गया। विद्यालय विकास प्रंबधन समिति के सदस्य एवं अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोविन्द नाटाणी, विद्यालय प्रधानाचार्य पुखराज आर्य ने विद्यालय की छात्रा का ढोल नंगाडे एवं माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आई आर नियाजी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# न्यू जवाहर नगर होली का चौक महिला मंडल का सामुहिक सुन्दरकाण्ड दीपोत्सव संपन्न



**कोटा. शाबाश इंडिया**

अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में न्यू जवाहर नगर स्थित होली का चौक में महिला मंडल सदस्यों ने सपरिवार सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया और रामलाल के आगमन पर दीपक जलाकर एवं आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया। न्यू जवाहर नगर होली का चौक महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सीमा जांगिड़ व सचिव श्रीमती सुनीता जोशी ने बताया कि इस अवसर पर पंडित केदार शर्मा धनंजय एवं पंडित अभय शर्मा के संयोजन में सभी ने मिलकर सामूहिक सुंदर काण्ड का पठन किया। इसके पश्चात रामलला के स्वागत में महिलाओं ने भजन, कीर्तन व गीतों पर नृत्य किये जो देर रात तक चलते रहे। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती मोनिका विजयवर्गीय ने बताया की महिला मंडल की संरक्षक अरुणा सक्सेना, चेतना गर्ग ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत शुभ है जो हम सभी को गौरवान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में राम के आदर्शों को उताराना चाहिए। साथ ही प्रत्येक ने रामलला के आगमन पर दीपक जलाकर रोशनी उत्सव मनाया व आतिशबाजी करी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रतिमा मिश्रा, संध्या शर्मा, रेखा भारद्वाज, हेमा पारेता, गीता नागर, रश्मि प्रजापत, बादाम बाई, रीमा पारेता,सुमन रामेश्वरी जांगिड़ श्रीमती नीरज चौधरी, पिंकी जैन, रीमा जांगिड़, मंजू गौतम, चंदा कुमावत, राजेंद्र सक्सेना, गिरधारी जांगिड़, महेंद्र विजयवर्गीय, विजय भारद्वाज,लक्ष्मी नारायण, उमेश मिश्रा,नवल जैन, टिंकू प्रजापति, दिनेश गौतम, भवानी शंकर, विनोद जांगिड़ , योगेश जोशी, खजान सिंह आदि ने उत्साह से सपरिवार दीपोत्सव व सुन्दर काण्ड के आयोजन में भाग लिया।




# एस डी सी यूरो एक्जोटिका ,सांगानेर परिवार ने मनाया तीन दिवसीय भव्य श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एस डी सी,यूरो एक्जोटिका सोसाइटी वासियों ने ऐतिहासिक श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन जोर शोर से मनाया। इस अवसर पर पूरी सोसायटी को दिवाली की तरह रोशनी से सजाया गया एवम पूरी सोसायटी के हर घर पर श्री राम के केसरिया झंडे लगाए गए। पहले दिन राम मय भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे पूरी सोसायटी मेंबर्स ने श्री राम के भजनों पर धर्म प्रभावना की और भाव विभोर होकर नृत्य किया। दूसरे दिन श्री राम की जीवनी का जिसमे उनके विवाह , वनवास एवं लंका युद्ध का बच्चों एवम बड़ों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से खूबसूरत वर्णन किया ।महिलाओ ने मेरे घर राम आये , राम जी की निकली सवारी आदि भजन ० गानो पर मनमोहक प्रस्तुति दी। तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रातः काल श्री राम जी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे ना केवल सोसायटी मेंबर्स अपितु सांगानेर निवासियों ने भी ढोल नगाड़ो पर खूब नृत्य कर यात्रा की शोभा बढ़ाई। दिन में सभी सोसायटी मेंबर्स से साथ मिलकर बड़ी स्क्रीन पर लाइव श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आनंद लिया। दिन में सुन्दर कांड का पाठ एवं शाम को 1008 दीपकों से सोसायटी के श्री मंदिर जी में भव्य आरती की गई ।भव्य आतिशबाजी की गई एवम तत्पश्चात सामूहिक प्रसादी का सबने आनंद लिया।

## तीये की बैठक



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि

**पदम चन्द जी जैन (अजमेरा)**

सुपुत्र स्व श्री रामचन्द्र जी अजमेरा राजगढ़ बाले का देहावसान दिनांक 23 - 1 - 2024 को हो गया है। तीये की बैठक एवं घड़ियों का दस्तूर 25 - 1 - 2024 को प्रातः 9 बजे जैन भवन, भट्टारक जी की नसियां नारायण सर्किल पर होगी।

शोकाकुल: प्रेमचन्द , महावीर प्रसाद. सुमति (भ्राता ), अनुराग - शुभि (पुत्र - पुत्र वधु ), विजय,विनय, संजय, मनीष, अंकित 'अरिहन्त' महावीर (भतीजे) नमन, अरिन हर्षित चार्विक (पौत्र), मनिका, अनिका अरिका, भविका (पौत्री) मैना-नेमी चन्द जी, आशा-सुशील जी, मंजू-राकेश जी (बहन - बहनोई)

ससुराल पक्ष: प्रमोद कुमार-कनक जैन, मोबा. 9414076623, 8114450314

आदरणीय ब्याईजी साहव के चरणों में भावपूर्ण श्रद्धांजली

चित्रा-सतीश जैन अकेला

चित्रांकन परिवार जयपुर

# श्री राम लाला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर जलाये गये दीप



**चन्देरी. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ति 33/11 kv सब स्टेशन थूबोंन जी मे भगवान श्रीराम लाला की प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्स्व के उपलक्ष मे राम धुन एवं 108 दीप प्रज्ज्वलित किये गये। इस अवसर पर आशिफ इकबाल सहायक यंत्री, नरेन्द्र प्रताप ठाकरे कनिष्ठ यंत्री चन्देरी की अध्यक्षता अनेको धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किये गये। मुकेश जैन परीक्षण सहायक ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुये कहा कि देश में पहली बार एक नये युग का निर्माण हो रहा है अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर ही नहीं राष्ट्रीय स्वाभिमान की स्थापना हुई है। आज भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर संपूर्ण देश में सामाजिक समरसता का वातावरण रहा है यह निरंतर बना रहे संपूर्ण भारत में जाति,पंथ और वर्ग में इसी प्रकार सामाजिक समरसता बनी रहे। लोग पंथ बाद को भूलकर आत्मा उत्थान, आत्मा उन्नति,आध्यात्मिक शांति प्राप्त करें। कार्यक्रम मे भा जा पा के वरिष्ठ नेता अमर सिंह यादव, सतीश मिश्रा, नरेन्द्र सिंह, हेमंत शर्मा अशोकनगर, दशरथ प्रजापति,तोरन सिंह,दशरथ लोधी चंदेरी समलित हुये। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 1001 दीपों से महा आरती की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** टैगोर नगर विकास एवम सेवा समिति के युवाओ ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 1001 दीपो से महा आरती की और भंडारा किया। इस अवसर पर युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था।

# रोहित चेची प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



**शाबाश इंडिया. अमन जैन कोटखावदा**

जयपुर। रोहित चेची को राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति राजस्थान गुर्जर महासभा प्रदेश कार्यसमिति की 20 जनवरी को हुई बैठक मे लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन में प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर के निदेशानुसार की गई चेची को यथाशीध्र अपनी प्रदेश कार्यसमिति एवं प्रदेश के सभी जिलों मे युवा प्रकोष्ठ कार्यसमिति का गठन करके प्रदेश कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए। चेची ने कहा कि राजस्थान गुर्जर महासभा के उद्देश्यों को अपने कार्यक्षेत्र मे लागू करने तथा सगंठन कार्य को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने का कार्य करूंगा।

# बालेसर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक अभिनव पुरस्कार कार्यक्रम संपन्न



**बालेसर. शाबाश इंडिया**

शिक्षा विभाग एवं भारती फाउंडेशन के सत्य भारती क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में बालेसर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक अभिनव पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारीबेरी में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी दो कैटेगरी में किया गया। एलीमेंट्री कैटेगरी में कुल 16 राजकीय विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भाग लेकर शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रस्तुतीकरण मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से किया। वही सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी कैटेगरी में कुल 15 राजकीय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लेकर शिक्षण अधिगम सामग्री मॉडल एवं चार्ट का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों के साथ किए जा रहे कार्य में शिक्षण अधिगम सामग्री के उपयोग एवं महत्व को प्रस्तुत करने का उदाहरण प्रस्तुत किया। शिक्षक अभिनव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बालेसर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रवीण ने भारती फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं नवा चारों की सराहना करते हुए बताया कि भारती फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास काफी सराहनीय है जो मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, प्रवीण के आतिथ्य में संपन्न किया गया। एलीमेंट्री कैटेगरी में प्रथम विजेता रविंद्र सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भाम्बुओं की ढाणी, अजीत नगर, बावरली, द्वितीय विजेता भीया राम मेघवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उटांबर से रहे। सेकेंडरी कैटेगरी में प्रथम विजेता चंद्र प्रकाश पवार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भाम्बुओं की ढाणी, अजीत नगर, बावरली से रहे। शिक्षक अभिनव पुरस्कार में जूरी सदस्यों के रूप में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रवीण , प्रधानाचार्य उषा छंगानी, रूपनाथ रहे। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य उषा छंगानी एवं द्वारा कार्यक्रम के बेहतर संचालन एवं प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम के दौरान भारती फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विवेक कुमार चतुर्वेदी, ट्रेनर मोहित शर्मा एकेडमिक मेंटर पुनीत भटनागर एवं रविंद्र सिंह राठौड़ द्वारा उपस्थित शिक्षक / शिक्षिकाओं को शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षण में गुणवत्ता लाने हेतु प्रेरित किया गया।

# विवेक विहार आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मनाया दीपोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार में अयोध्या में हुए भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मंगलमय अवसर पर 1100 दीपको से दीपकोत्सव मनाया गया। समाज के सहसचिव नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि मंदिर में सुबह भगवान के विशेष अभिषेक किए गए एवं शाम को मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध संगीतकार संजय जैन लाडनू के द्वारा भगवान आदिनाथ एवं श्री राम प्रभु के भजनों की प्रस्तुति दी गई ।उन्होंने इस अवसर पर मेरे सरकार आए हैं, मेरे प्यारे आदिनाथ एवं दीप जलाएंगे मंगल गाएंगे मेरे प्रभु श्री राम आए हैं की विशेष प्रस्तुति दी । इस अवसर पर सभी भक्तगण नृत्य में भाव विभोर हो गए । महिला मंडल ने इस अवसर पर विशेष प्रस्तुति दी ।इस मौके पर समाज के सभी सदस्यों ने 1100 दीप जलाकर प्रभु का गुणगान किया एवं विकास अंजना काला जापान वालो की ओर से 251 दीपक से भगवान की भव्य आरती उतारी गई । समाज अध्यक्ष अनिल जैन आईआरएस ,सचिव सुरेंद्र पाटनी, सहसचिव दीपक सेठी, उपाध्यक्ष अरुण रावकां, भागचंद पाटनी, अरुण पाटनी, पंकज रारा ,अमित ठौलिया ,मनोज कासलीवाल, पारसमल गंगवाल, अनिल पाटनी, आशीष शाह, राजमती देवी पाटनी,मैना कासलीवाल, शशि जैन, सुनील सरावगी, राजेश बधाल, अरिहंत बगड़ा, विकास ठोलिया, धर्मी चंद जैन, महिला मंडल अध्यक्ष सरल बागड़ा, सचिव अलका पांडया, पूर्व पार्षद मोनिका जैन, सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित थे।



# सोनीनगर पंचकल्याणक महोत्सव के कार्यक्रम की वात्सल्य आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन

## आचार्य विवेकसागरजी महाराज ससंघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। अजमेर 23 जनवरी, 2024 श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर सोनीनगर मन्दिरजी में भव्य पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रचार संयोजक संजय कुमार जैन व प्रवक्ता कमल गंगवाल ने जानकारी दी कि आगामी 28 जनवरी से 2024 से श्री मज्जिनेन्द्र पार्श्वनाथ भगवान का प्रांरभ होने जा रहा है जिसमे पंचकल्याणक की सभी कार्यक्रम कराने हेतु आचार्य 108 विवेकसागरजी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश आज पार्श्वनाथ जैसवाल जैन मन्दिर केसरगंज से बैण्ड बाजे जुलूस के साथ प्रारंभ होकर सोनीनगर जैन मन्दिर पहुंचा। जहां पर सकल जैन समाज द्वारा अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोधा के सान्निध्य में महाराजश्री की भव्य आगुवानी की गयी । तत्पष्चात आचार्य विवेकसागरजी महाराज का पंचकल्याणक हेतु मंगल आशीर्वाद दिया गया। मुख्य संयोजक




मनोज अजमेरा ने बताया कि आज मंगलाचरण कार्यक्रम के दौरान पंचकल्याणक हेतु बने इन्द्र -इन्द्राणियों व महामंडलेष्वर, सौभाग्यवती सभी पात्रों का शान्तिदेवी, दीपक-चंदा दोसी, सीमा, रचित, रिषभ, आशी दोसी परिवार द्वारा साफा, दुपट्टा, तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोधा ने आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंचकल्याणक के महत्व व छः दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी जिसमें 28 जनवरी 2024 को घटयात्रा, मंडपशुद्धि,ध्वजारोहण, बेदी शुद्धि व रात्रि में इन्द्रसभा गर्भ कल्याणक क्रियायें,तथा हाथी पर सवार होकर महाआरती होगी । 29 जनवरी को नित्य नियम पूजा, आचार्यश्री का प्रवचन, शिखर शुद्धि, चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा, याज्ञमंडल विधान गर्भ कल्याणक की आन्तरिक क्रियायें, 30 जनवरी को नित्य नियम पूजन, भगवान का जन्म सौधर्म इन्द्र का आसन, जन्मकल्याणक का जुलूस तत्पष्चात पाण्डुलशिला पर भगवान का कलषाभिषेक, रात्रि में महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम । दिनांक 31 जनवरी को नित्य नियम पूजन, जन्मकल्याणक पूजा, हवन, जाप्यानुष्ठान, सौधर्म इन्द्र द्वारा अंगूठे से अमृत स्थापना, युवाराज पद स्थापन राजाओं द्वारा भेंट, महाआरती, रात्रि में कमठ का उपसर्ग नाटिका मंचन, 1 फरवरी, को तप कल्याणक पूजन, हवन व जाप्यानुष्ठान, भगवान का आहार, ज्ञानकल्याणक क्रियायें, समवशरण की रचना एवं दिव्य ध्वनि एवं ज्ञान कल्याणक की पूजा, महाआरति, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला मंडल द्वारा। 2 फरवरी को भगवान मोक्ष कल्याणक , अभिषेक, महाशान्तिधारा भगवान का गुणारोपण, ध्यान एवं मोक्ष गमन एवं मोक्षकल्याणक पूजा एवं विष्वशान्ति महायज्ञ, आचार्य श्री का आशीर्वचन के पश्चात विशाल रथयात्रा, भगवान बेदी में विराजमान एवं वात्सल्य भोज कलशारोहण एंव शिखर पर ध्वजारोहण, छत्र, चंवर, भामंडल, वांदरवाल एंव जिनवाणी की स्थापना ।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से....

**करने और सहने वाले के अन्दर सब्र आ जाये तो..**
**कहने वाले की औकात, दो टके की रह जाती है..!**

जीवन में एक व्यक्ति चाहिए जो हर कार्य में टांग खींचे। जीवन में दो का होना बहुत जरूरी है एक समस्या, और दूसरा टांग खींचने वाला। यदि ये दो चीज आपके पास है तो आप सफलता के शिखर पर पहुँच सकते हैं। एक समस्या रहने से जीवन सरस और जोशीला बना रहता है। यदि कोई समस्या ना हो तो जीवन नीरस हो जाये। टांग खींचने वाला व्यक्ति आप को अपने से श्रेष्ठ मान रहा है, तभी तो वो आपकी टांग खींच रहा है। यदि आप सर्व श्रेष्ठ फल पाना चाहते हैं तो कम श्रेष्ठ को इन्कार कर दो। उस समय आप ये मत बोलो - कि नहीं मामा से काणा मामा अच्छा है। ऐसा बोलकर हम अपने आपको अकर्मण्य बना लेते हैं। सफलता के लिये योग्यता, पुरूषार्थ और प्रयास बहुत जरूरी है। अनेक सफलताओं, प्रगति और उन्नति में हमारी मन की असफलता ही कारण है।




ध्यान रखना! जो बात हमें पीड़ा पहुँचाती है, वही बात हमें जीना भी सिखाती है। इसलिए सच के प्रति समर्पण और सन्तुलन का मिश्रण ही हमें सफलताओं के चरमोत्कर्ष पर ले जायेगा...!

-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।

# संजीवनी बूटी से कम नहीं ये पौधा... हार्ट की बीमारी से रखे दूर तो कैंसर को भी होने से रोकता है

आयुर्वेद में हर पेड़ पौधे का कुछ न कुछ उपयोग जरूर होता है। इसी लिस्ट में जलपत्ती भी शामिल हैं, जिसमें शरीर को स्वस्थ रखने के तमाम गुण हैं। यूपी के बलिया के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि यह जलपत्ती नामक औषधि काफी उपयोगी है. इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जोकि शरीर के रोगों को ठीक करते हैं. इसे टैलिनम फ्रुटिकोसम के नाम से भी जानते हैं.डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि जलपत्ती हृदय और कैंसर जैसे रोग को भी रोकने में सहायक है. इसके अलावा यह पाचन, संक्रमण, वजन, हड्डी, दांत और आंख जैसी तमाम बीमारियों के लिए संजीवनी बूटी की तरह काम करती है.ये है इस औषधि के फायदेडॉ. प्रियंका सिंह ने आगे बताया कि यह जलपत्ती औषधि मानव जीवन के लिए बेहद लाभकारी है. इसे एक तरह से पालक का साग भी समझा जा सकता है. इसका कच्चा सेवन भी किया जा सकता है, लेकिन ज्यादा कच्चा सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है. साथ ही बताया कि ब्लड प्रेशर के लिए रामबाण है, तो मोतियाबिंद और त्वचा के लिए भी बेहद उपयोगी है. साथ ही बताया कि इस औषधि का उपयोग डॉक्टर की सलाह के साथ ही करना चाहिए.



**चेतावनी:** इस खबर में दी गई दवा/औषधि और हेल्थ बेनिफिट रेसिपी की सलाह, हमारे एक्सपर्ट्स से की गई चर्चा के आधार पर है. यह सामान्य जानकारी है, न कि व्यक्तिगत सलाह. हर व्यक्ति की आवश्यकताएं अलग हैं, इसलिए डॉक्टर्स से परामर्श के बाद ही, कोई चीज उपयोग करें।

डा पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी राजस्थान विधान सभा जयपुर।
9828011871.

# संगीतमय भक्तामर पाठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

## राम दरबार में नन्हें मुन्ने बालकों ने दी प्रस्तुतियां



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई । दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान एवं विशुद्ध वर्धिनी एवं इन्द्रा कालोनी महिला मण्डल के तत्वावधान में श्याम मंदिर प्रांगण पर संगीतमय भक्तामर पाठ भजन कीर्तन एवं नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा सजीव झांकियां सजाई गई जिसमें महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के मीडिया संयोजक संजू जौंला ने बताया कि गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद से भक्ताम्बर स्त्रोत्र का पाठ श्याम मंदिर प्रांगण में अनेक धार्मिक कार्यक्रमो के साथ किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन संजय सोगानी शशी सोगानी ने किया। भक्तामर पाठ अनुष्ठान मे गायिका संजू जौंला हेमा बनेठा सपना छाबड़ा रितु सारसोप शशी सोगानी एवं सरिता कठमाणा चिन्की सारसोप ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम संयोजिका शशी सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत इन्द्रा कालोनी स्थित सोगानी भवन एवं श्याम मंदिर प्रांगण पर 108 दीपक से सजावट, श्री राम दरबार की मनमोहक झांकियां, रंगोलियां, दीपावली जैसा माहौल के साथ संगीतमय भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान महिला अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका जयपुर सांस्कृतिक मंत्री बीना शाह, अंजली सोगानी एवं महावीर प्रसाद बिन्दायका जयपुर रहे। इस अवसर पर नवधा जैन मिष्ठी पाटनी चेरी जैन वंश जैन सहित कई नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन दिगम्बर जैन महासमिति मंत्री विमल जौंला ने किया। इस दौरान मुकेश बनेठा संजय सोगानी विमल सोगानी ममता गिन्दोडी. उर्मिला सोगानी नीलम सारसोप रेखा जैन पिंकी कठमाणा मीनाक्षी बगडी.रितु जैन सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में कस्बे के सभी जिनालयों में णमोकार महामंत्र का किया आयोजन



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में व्यापार मंडल महासंघ की अगुवाई सम्पूर्ण समाज के सहयोग से फागी के मुख्य बाजार में साज सज्जा के द्वारा सुन्दर काण्ड के पाठ एवं हनुमान चालीसा के पाठ किए गए उक्त कार्यक्रम में व्यापार महासंघ फागी के प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल की अगुवाई में व्यापार मंडल महासंघ की कार्यकारिणी फागी ने पूरे व्यापारियों को साथ लेकर एतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाया , उक्त कार्यक्रम की खुशी में सारा फागी राममय हो रहा था तथा कस्बे के पूरे व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद थे। व्यापार महासंघ के महामंत्री अनिल कठमाना ने बताया कि हर घर पर ,हर प्रतिष्ठान पर श्री राम के झंडे लहरा रहे थे सभी मंदिरों एवं घरों पर , तथा प्रतिष्ठानों पर दीपावली की तरह रोशनी की गई थी, पूरे बाजार में एवं कस्बे के सभी मोहल्लों में भगवान श्रीराम के झंडे, बैनर, झालर बांदरवाल लहरा रहे थे।

## व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण



**रावतसर. शाबाश इंडिया।** आज व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर के कक्षा 9 वी कक्षा 10 के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के लिए 'राशि दुग्ध डेयरी लिमिटेड' ले जाया गया। रवाना करते समय प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़, उप प्रधानाचार्य राम प्रसाद, व्याख्याता सुभाष चंद्र सिंगड़ उपस्थित रहे। औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने डेयरी में दूध को ठंडा करने की प्रक्रिया, दूध के नमूने में मिलावट की जांच, बटर बनाने की निर्माण की प्रक्रिया , पनीर व अन्य उत्पाद की पैकिंग की जानकारी प्राप्त की ।इसके अलावा सभी प्रकार की मशीनरी की जानकारी अर्जित की इस मौके पर इंडस्ट्री के मुख्य प्रबंधक दिनेश लड्ढा का उप प्रधानाचार्य राम प्रसाद,व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी श्रीमती अलका, वीटी राय साहब एवं राधा ने ज्ञापित किया इस अवसर पर बच्चों को चाय नाश्ता भी करवाया गया।

## पराक्रम दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया




**बड़ोदरा, गुजरात. शाबाश इंडिया।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04,ongc वडोदरा में दिनांक 23/01/24 को पराक्रम दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया।सुशी सक्सेना ने बताया कि यह महान दिन महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित है।इस अवसर पर विद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।जैसे पोस्टर, नारा लेखन, पोट्रेट, भाषण प्रतियोगिताएं आदि।जिसमें छात्रों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान भारतीय योद्धा और उनके साहस, बलिदान और समर्पण की महत्ता को उजागर किया।छात्रों की भावनाओं और जागरूकता को देखकर हमारा गर्व और सम्मान बढ़ता है। इन प्रतियोगिताओं में विजित तीन छात्र/छात्राओं को पुरस्कार दिए गए हैं।इन्हें उनके जोरदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी जाती है।आज के दिन को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य रमेश पाण्डेय ने सभी को महान भारतीय योद्धाओं की याद दिलाते हुए और नेता जी सुभाष चंद्र में इनके बलिदान और समर्पण की महत्ता के बारे में जागरूक किया।

## महिला छात्रावास में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।पूरे प्रांगण को सुंदर रंगोली व हजारों दीपकों से सजाया गया।इस अवसर पर कुलपति महोदया अल्पना कटेजा व चीफ वार्डन ममता जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर सभी को बधाई दी।

## आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी का संघ 27वी पिछी के साथ महावीर जीं में 25 जनवरी को भव्य मंगल प्रवेश




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज द्वारा दिक्षित शिष्य पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी मुनिराज का श्री महावीरजी में भव्य मंगल प्रवेश दिनांक 25 जनवरी, 2024 को शाम 5.00 बजे 27 युवा मुनियों के साथ होगा। श्री मुनिसंघ सेवा समिति, जयपुर के मंत्री मनोज झांझरी ने जानकारी दी है कि शाम 5.00 बजे महावीर जी में प्रवेश होगा एवं 26 जनवरी को मंगल प्रवचन, आहारचर्या के पश्चात दोपहर 2 बजे आगे के लिए विहार होगा। आचार्य श्री अब तक 63 दीक्षायें एवं 150 से अधिक रचित ग्रंथ प्रकाशित हो चुके है।इस अवसर पर जयपुर जैन समाज द्वारा महावीर जी में भव्य आगवानी की जायेगी एवं सन 2024 के लिए चातुमार्स हेतु श्रीफल भेंट किया जायेगा। श्री मुनिसंघ सेवा समिति, जयपुर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद एवं कार्यध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मोदी एवं महामंत्री नवीन संघी सभी समाज जनों को महावीर जी में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की है। 20 वर्ष की छोटी उम्र में ही दीक्षा प्राप्त कर जन-जन में धर्म का उपदेश एवं युवा वर्ग को धर्म मार्ग पर प्रशस्त करते हुए सम्यक्दर्शन, ज्ञान और चरित्र ही मोक्षमार्ग है ऐसी बात को बहुत सरल रुप से बताने वाले आचार्य भगवन्त परम पूज्य आध्यात्म योगी 108 श्री विशुद्धसागर महाराज यता नाम तथा गुण रुप है। आचार्य श्री को तत्व का इतना गहन चिन्तन है कि जिनवाणी उनके कण्ठ में विराजमान रहती है। आचार्य श्री के प्रवचन इतने सरल व स्वाद्वाद से भरे होते है कि हमारे अष्ट मूल गुण तो क्या, अणुव्रत और महाव्रत तक लेने के भाव हो जाते है। आचार्य श्री स्वयं युवा है और युवाओं को शाकाहार अपनाने पर जोर देते हुए मानवता का संदेश जन हितार्थ अपने उपदेशों के माध्यम से प्रेषित कर रहे है।

आचार्य श्री को तत्व का इतना गहन चिन्तन है कि जिनवाणी उनके कण्ठ में विराजमान रहती है।